यू० पी० बैंक इम्प्लाईज यूनियन

पंजीकरण संख्या–538
ए.आई.बी.ई.ए. से संबद्ध
केन्द्रीय कार्यालय : 106/107 द्वितीय तल, ब्लाक संख्या 26/2/4, संजय प्लेस, आगरा–282002
पत्र व्यवहार : 3/17, विभव नगर, आगरा–282 001, मो0: 09837472750
फोन/फैक्सः (नि0) 0562–4044383, **E-mail: mmrai_2509@yahoo.co.in & mmrai2509@gmail.com**

परिपत्र संख्या : 2016–19/110/2018 **दिनांक :** 19.09.2018

सभी प्रान्तीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों
जिला इकाईओं के मंत्रियों/अध्यक्षों हेतु

प्रिय साथियों,

कर्मचारियों द्वारा बैंकों के शेयरों की खरीद

हाल ही में कुछ राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कर्मचारियों को शेयर बेचने के माध्यम से पूंजी बढ़ाने का फैसला लिया है। एआईबीईए ने सभी इकाईयों/सदस्यों से इस मामले में सतर्क रहने की सलाह दी है। हम इस विषय में एआईबीईए केन्द्रीय कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र संख्या 28/75/2018/38 दिनांक 19.9.2018 का अनूदित सार अपनी सभी इकाईओं/सदस्यों की सूचना एवं संज्ञान हेतु नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं।

अभिवादन सहित,
आपका साथी,

(मदन मोहन राय)
महामंत्री

प्रिय साथियों,

कर्मचारियों द्वारा बैंकों के शेयरों की खरीद
सतर्कता की आवश्यकता है - श्रम की नहीं

हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कर्मचारियों को शेयरों की बिक्री के माध्यम से अपनी पूंजी बढ़ाने के निर्णय लिया है। हमारी सभी इकाईओं तथा सदस्यों को ज्ञात है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों की पूंजी का निजीकरण करने के सभी तरीकों का विरोध करने के अपने निर्णय के भाग के रूप में, हम निजी हाथों, कॉर्पोरेट तथा व्यक्तिगत दोनों, को बैंकों के शेयरों की बिक्री का विरोध कर रहे हैं। उसी सांस में, एक श्रम संगठन के रूप में, **हम कर्मचारियों को बैंकों की पूंजी की बिक्री का विरोध कर रहे हैं।**

हमारी माँग है कि सरकार को किसी भी तरह से बैंकों में अपनी हिस्सेदारी कम नहीं करनी चाहिए और जब भी आवश्यक हो सरकार द्वारा पर्याप्त पूंजी प्रदान की जानी चाहिए।

प्रबंधन इस सिद्धान्त की वकालत कर रहे हैं कि यदि कर्मचारी बैंकों की शेयर पूंजी खरीदेंगे, तो बैंक के प्रति जुड़ाव की भावना, बैंक के प्रति प्रतिबद्धता की बेहतर भावना और स्वामित्व की भावना, आदि होगी। एआईबीईए की ओर से, हम स्पष्ट हैं कि पूंजी का कोई भी हिस्सा जो कि सरकार द्वारा प्रदान नहीं किया गया है बैंकों की स्वामित्व की स्थिति को कम करेगा। कर्मचारियों को शेयरों की बिक्री अलग नहीं है।

वे बैंक के प्रति प्रतिबद्धता की भावना की बात करते हैं। कर्मचारियों के रूप में, हम अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता की भावना रखते हैं लेकिन हम विश्वास नहीं करते कि बैंक के कुछ शेयर खरीदकर, हम बैंक के प्रति अधिक प्रतिबद्ध होंगे। बैंकों के कुछ शेयरों के स्वामित्व के बिना भी, हम बैंकों के प्रति हमेशा वफादार और प्रतिबद्ध हैं। **बैंक के कुछ शेयर रखना हमारे बैंक के प्रति प्रतिबद्धता की हमारी भावना को नहीं बढ़ायेगा।** हम पहले से ही अपने बैंकों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

जारी पृष्ठ 2

वे हमारे बैंकों की प्रगति के लिए कर्मचारियों के योगदान की बात करते हैं। हाँ, हम चाहते हैं कि हमारे बैंक प्रगति करें और विशाल खराब ऋणों द्वारा तैयार की गई वर्तमान समस्याओं से बाहर आयें। यही बैंकों द्वारा सामना की जाने वाली एकमात्र समस्या है। बैंक के कुछ शेयर खरीदना इन खराब ऋणों को वसूली में सहायता नहीं करेगा। खराब ऋणों को वसूलने के लिए कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। कुछ शीर्ष अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए जो बेईमान कॉर्पोरेट उधार लेने वालों के लिए अंधाधुंध अग्रिमों के लिए जिम्मेदार हैं। यदि खराब ऋण वसूल किए जाते हैं, तो पूंजी का खुद व खुद उत्पादन होगा। **इस उद्देश्य के लिए कर्मचारियों द्वारा बैंकों के कुछ शेयर खरीदना आवश्यक नहीं है।**

वे स्वामित्व की भावना महसूस करने की बात करते हैं जब आप बैंक के शेयर खरीदते हैं। क्या हम विश्वास कर सकते हैं कि बैंक के कुछ शेयर खरीदकर, हम यह मान सकते हैं कि हम बैंक के मालिक हैं ? क्या सरकार या प्रबंधन वास्तव में कर्मचारियों के बैंक के मालिक बनने के विचार को पसन्द करेगें ? वास्तव में वे कामगारों की भागीदारी भी नहीं चाहते हैं। पिछले 4 वर्षों से, सभी बैंकों में कर्मचारी निदेशक और अधिकारी निदेशक के पद पर नियुक्ति नहीं की गई है। वे नहीं चाहते हैं कि हम बैंक के निदेशक भी हों और वे हमें मालिक बनाना चाहते हैं ! हम मजदूर और कर्मचारी हैं जो अपनी आजीविका कमाना चाहते हैं और हम बैंकों के मालिक बनना नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि सरकार बैंकों की मालिक बने और बैंकों की पूंजी का निजीकरण न करे। **बैंकों के कुछ शेयर खरीदकर, हम बैंकों के मालिक नहीं बन सकते हैं। यह एक भ्रांत धारणा है।**

वे बैंक के प्रति जुड़ाव की भावना की बात करते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि बैंक के कुछ शेयर खरीदे बिना, कर्मचारियों में अपने बैंक के प्रति जुड़ाव की भावना नहीं है ? यदि हमारे सभी बैंक प्रदर्शन कर रहे हैं, तो यह केवल हमारे बैंकों के प्रति जुड़ाव की भावना और प्रत्येक शाखा में कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कठोर परिश्रम के कारण है। सभी कठिनाईयों, काम के दबाव, अपर्याप्त कर्मचारी, ग्राहकों से उत्पीड़न, उच्च प्रबंधन से अनुचित दबाव आदि के बावजूद, कर्मचारी बैंक के प्रति जुड़ाव की भावना के कारण अपने बैंक के लिए कार्य कर रहे हैं। कर्मचारी मानते हैं कि बैंक उनके हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ करना चाहिए। **हमारे बैंकों के प्रति जुड़ाव की हमारी भावना को बढ़ाने के लिए बैंक के कुछ शेयर खरीदना आवश्यक नहीं है।**

वे लाभ के लिए शेयर बेचने की बात करते हैं जब शेयर की कीमतें बढ़ जाती हैं। कुछ प्रबंधन कर्मचारियों को प्रलोभन भी दे रहे हैं कि जब कीमतें बढ़ जाती हैं तो वे शेयरों को बेचकर लाभ कमा सकते हैं। यदि कीमतें बढ़ने पर शेयर बेचे जाने हैं, तो स्वामित्व की भावना के सिद्धान्त का क्या होगा ? वे चाहते हैं कि कर्मचारी लालची बनें और पैसों के पीछे भागें। यदि वे कर्मचारियों के बारे में वास्तव में चिंतित हैं, तो उन्हें वेतन पुनरीक्षण पर हमारी न्यायोचित मांगों पर सहमत होने दें। वे हमारे वैध वेतन पुनरीक्षण से इंकार करेंगे लेकिन वे शेयरों को बेचकर कर्मचारियों को अमीर बनाना चाहते हैं ! आईये सावधान रहें। आईये हम इस तरह के मुनाफे द्वारा स्वयं को प्रलोभित अथवा लुभाने की अनुमति न दें। **शेयरों को बेचकर लाभ कमाने की सोचना सुनहरे हिरण मारीच के पीछे भागने के समान है।**

साथियों, हम चाहते हैं कि हमारे बैंक मजबूत हों, हम चाहते हैं कि हमारे बैंक जीवंत हों, हम चाहते हैं कि हमारे बैंक प्रगति करें, हम चाहते हैं कि हमारे बैंक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ायें। हम सभी इन आदर्शों और उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बैंक लोगों और राष्ट्र से संबंधित हैं। हमने इसके लिए संघर्ष किया और हम बैंक के शेयर खरीदे बिना भी अपने बैंकों की सफलता के लिए कार्य करेंगे।

वे शेयर बेच सकते हैं। लेकिन हमें अपने सिद्धान्तों को बेचने की आवश्यकता नहीं है।

सतर्कता की आवश्यकता है – भ्रम की नहीं

आपका साथी
ह0..
सी.एच. वेंकटचलम्
महामंत्री